# राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796


क्रमांकः प.14(10)RSMSSB / अर्थना / म.बा.वि.(अनु.क्षेत्र) / 2015 / पार्ट–II |100 दिनांक : 15.03.2017

## : : कार्यालय आदेश : :

राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा(भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम 2014 एवं राजस्थान महिला एवं बाल विकास (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–1998 के अन्तर्गत समेकित बाल विकास सेवाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 की परीक्षा दिनांक 20.12.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 06.01.2016 को जारी किया गया था। अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच में पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की अन्तिम रूप से पदस्थापन की अभिशंषा बोर्ड द्वारा दिनांक 04.10.2016 को की गयी। बोर्ड द्वारा अन्तिम रूप से चयन के बाद कार्यग्रहण नहीं करने के कारण 03 अभ्यर्थियों के स्थान पर बोर्ड की बैठक दिनांक 09.03.2017 में लिये गये निर्णयानुसार वरियता क्रम से निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच मूल दस्तावेजों से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की जानी है। अतः पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 में वरीयता क्रम से अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 27.03.2017** को प्रातः 10 बजे बजे **निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, 2, जल पथ, गांधी नगर, जयपुर** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

| S. No. | ROLL NO | NAME | Date of Birth | SEL CAT |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 408745 | KIRTI RAO | 13/07/1989 | GEN-F |
| 2. | 407271 | AASTHA DHABAI | 19/05/1990 | GEN-F |
| 3. | 414082 | KRITIKA PURBIA | 23/03/1992 | GEN-F |

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट *www.rsmssb.rajasthan.gov.in* पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) पद के लिये दिनांक 07.07.2015 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही होगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट *www.rsmssb.rajasthan.gov.in* पर उपलब्ध है।

(आर.के. मीना)
अध्यक्ष